दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

# सत्यजय टाईम्स

वर्ष-11, अंक-308 मंगलवार 08 नवम्बर, 2022, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रात:कालीन संस्करण हिन्दी दैनिक

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com @SatyajayT satyajaytimes

## अग्रवाल कॉलेज में हुआ शूटिंग चैंपियनशिप का शुभारंभ



बल्लबगढ़, 7 नवम्बर, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोडा। सोमवार को अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ की शूटिंग रेंज में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक की चार दिवसीय अंतर महाविद्यालय शूटिंग चैंपियनशिप जो 7 नवम्बर से 10 नवम्बर तक चलेगी का शुभारंभ हुआ। शुभारंभ सत्र के मुख्य अतिथि व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता जी ने खिलाड़ियों से खेल भावना से खेलने का आग्रह किया व महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के खेल निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह ढुल का इतनी बड़ी जिम्मेदारी देने पर धन्यवाद भी किया ' प्राचार्य जी ने महाविद्यालय के बी.ए. के छात्र पैराओलिंपिक स्वर्ण पदक विजेता मनीष नरवाल का उदाहरण देते हुए बताया कि अगर हम लगातार अपना वैभव, सुकून, चैन छोड़कर लगातार प्रयासरत रहकर मेहनत करते है तो हमें हमारे लक्ष्य को प्राप्त करने से कोई नही रोक सकता। प्राचार्य ने इस प्रतियोगिता के सफल शुभारंभ के लिए महाविद्यालय के खेल-कूद के संयोजक डॉ. के.एल.कौशिक व शारीरिक शिक्षक डॉ. जगबीर सिंह, मोहित हुड्डा जी को बधाई दी।

इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्तागण कमल टंडन, डॉ. जयपाल सिंह डॉ. गीता गुप्ता व भिन्न-भिन्न महाविद्यालयों से आए इंचार्ज व कोच उपस्थित रहे।